प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नशाखोरी से बचने व बचाने की ली गयी शपथ...।

आज दिनांक 26.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय महोबा में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, नवागत क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त सभी शाखा प्रभारी/कर्मचारीगणों के साथ संयुक्त रुप से सभी को नशीले पदार्थ का सेवन न करने के साथ-साथ समाज के दूसरे लोगों को नशाखोरी से बचाने आदि का संकल्प लेते हुये शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को विश्व ड्रग दिवस मनाया जाता है, जिससे दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके।

मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार तथा मा0 गृह मंत्री तथा मां0 सहकारिता मंत्री द्वारा इस अवसर पर संदेश जारी करते हुए सभी देशवासियों से अपील की गई है कि अपने आपको और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले, अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है।

नशे के विरुद्ध लोगों में जागरुकता लाने हेतु दिनांक 12.06.2022 से दिनांक 26.06.2022 तक 'नशे से आजादी पखवाड़े' के दौरान कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें मा0 प्रधानमंत्री व मां0 गृह मंत्री के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया।

इसी क्रम में आज जनपद के समस्त कार्यालय/थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को मादक पदार्थों के प्रयोग से जीवन और स्वास्थ्य में होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया,साथ ही साथ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में जाकर आम जनमानस को नशा से आजादी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किए गए चौपालों में नशीली दवाओं मादक पदार्थों के प्रयोग से होने वाले धन, स्वास्थ्य व परिवार के नुकसान व अवैध तस्करी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



@mahobapolice
SP Mahoba @mahobapolice
7839857330

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 26.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री रमाकान्त शुक्ल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर द्वारा देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/वारण्टी के दौरान वाँछित अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र नथई कंजड उम्र करीब 20 वर्ष निवासी गाँधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के कब्जे से एक अदद मोबाइल वीवो एण्ड्रायड व रंग काला **Y12** तथा 510 रुपया नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 255/2022 धारा 392/411 भादवि से बरामद करते हुये भोले ढाबा महोबा के पास महोबा से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री रमाकान्त शुक्ल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
2. का0 रावेन्द्र सोनकर 3. कां0 धीरेन्द्र कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

वीरेन्द्र पुत्र नथई कंजड उम्र करीब 20 वर्ष निवासी गाँधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 26.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार के कुशल निर्देशन में उ0नि0 श्री यशवन्त सिंह व उ0नि0 श्री ब्रम्हादीन द्वारा मु0अ0सं0 170/2022 धारा 392/411 भादवि थाना कबरई मे वांछित अभि0 1. मंगल सिंह उर्फ मंगू पुत्र मूरत सिंह उम्र 19 वर्ष नि0 ग्राम मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर म0 प्र0 व 2. बाबू कुशवाहा पुत्र रूपन कुशवाहा उम्र 19 वर्ष नि0 मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर म0 प्र0 को मकरबई की तरफ बीला दक्षिण रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया । अभि0गणो के कब्जे से 10,000 -10,000 कुल (बीस हजार रुपये) रुपये बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायलय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1.उ0नि0 यशवन्त सिंह 2. उ0नि0 ब्रम्हादीन
3.का0 साहब सिंह 4.कां0 विनीत कुमार थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मंगल सिंह उर्फ मंगू पुत्र मूरत सिंह उम्र 19 वर्ष नि0 ग्राम मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर म0 प्र0
2. बाबू कुशवाहा पुत्र रूपन कुशवाहा उम्र 19 वर्ष नि0 मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर म0 प्र0



महोबा पुलिस